पंजाब केसरी 24/08/2025

# कॉलेज की लैंग्वेज लैब में हुआ 3 दिवसीय कार्यक्रम

अम्बाला, 23 अगस्त (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के लैंग्वेज लैब में तीन दिवसीय कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया। यह पहल सभी अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट छात्रों के लिए आयोजित की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों की अंग्रेजी भाषा में दक्षता का पूर्व मूल्यांकन करना और उनके पेशेवर तैयारियों को बढ़ाना था। कार्यक्रम में 240 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम उन्हें आने वाली प्लेसमैंट अवसरों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों की अंग्रेजी दक्षता का पूर्व मूल्यांकन परीक्षण लेकर हुई। अगले दो दिन इंटरैक्टिव सत्रों के लिए समर्पित थे, जिनमें संवाद कौशल, सॉफ्ट स्किल्स और व्यक्तित्व विकास पर ध्यान दिया गया। व्यावहारिक अभ्यास, प्रशिक्षण एवं गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को इंटरव्यू और कार्यस्थल में बेहतर प्रदर्शन के लिए रणनीतियां सिखाई गईं।



*गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज की लैंग्वेज लैब में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।* (चंद्रमोहन)

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने सभी छात्रों को लैंग्वेज लैब का नियमित उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया और उन छात्रों की सराहना की जिन्होंने पूर्व मूल्यांकन परीक्षण में अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने याद दिलाया कि यह लैब छात्रों के संवाद, सॉफ्ट स्किल्स और पेशेवर तैयारियों को बढ़ाने के लिए समर्पित है।

ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट अधिकारी तथा लैंग्वेज लैब की अध्यक्ष कमलप्रीत कौर ने लैंग्वेज लैब टीम के कठिन परिश्रम और समर्पण की प्रशंसा की, जिसने इस पहल को सफल बनाया और छात्रों को अपनी भाषा कौशल सुधारने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने घोषणा की कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। उच्चतम अंक पाने वाले छात्रों में मानसी शर्मा, पलक, अडेलाइन और अनुपमा शामिल हैं।

यह कार्यक्रम लैंग्वेज लैब की संयोजिका महक तलवार के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिन्होंने छात्रों को संवाद, सॉफ्ट स्किल्स और व्यक्तित्व विकास में समर्पित मार्गदर्शन देने का आश्वासन दिया। इस गतिविधि के लिए छात्रों को दिए गए दिशा-निर्देश सफल रहे हैं और आने वाले सत्रों में भी इसी उत्साह की उम्मीद की जा रही है। हर्षिता ने सत्रों के सुचारू संचालन और छात्रों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। छात्रों का मूल्यांकन करते हुए यह समझा गया कि सुधार के कई अवसर मौजूद हैंए और लैंग्वेज लैब को विश्वास है कि भविष्य के सत्रों से छात्रों को बहुत लाभ होगा।